# सीएम योगी को इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड

## चर्चा में क्यों?

12 अक्टूबर, 2022 को मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड' समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- इस समारोह में अवार्डों की शृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजनीति श्रेणी में उनके शानदार काम के लिये यह सम्मान मिला है। हालाँकि इस अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद नहीं हो सके थे। उन्होंने इस अवार्ड को राज्य की 25 करोड़ जनता को समर्पित किया।
- मीडिया समूह द्वारा आयोजित इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड समारोह में मनोरंजन, राजनीति, खेल, स्टार्टअप, सोशल चेंज और जलवायु आदि श्रेणियों में प्रेरणास्पद कार्य करने वाली भारतीय हस्तियों को सम्मानित किया गया है।
- इस श्रेणी में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया सहित कई बड़े नाम शामिल थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-yogi-wins-indian-of-the-year-award